पंजाब केसरी 07/11/2024

डिस्ट्रिक्ट इको–एस.डी.जी. चैम्पियन 2024 का प्रतिष्ठित खिताब ग्रहण करते जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

जी.एम.एन. कॉलेज को मिला डिस्ट्रिक्ट इको-एस.डी.जी. चैम्पियन खिताब

अम्बाला, 6 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि कॉलेज को सतत् विकास पहल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उच्चतम ग्रेड के साथ डिस्ट्रिक्ट इको–एस.डी.जी. चैम्पियन 2024 के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि सतत् विकास लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को मान्यता दी गई। इसी श्रृंखला में स्थिरता को आगे बढ़ाने की एक सराहनीय पहल में कॉलेज को इस प्रतिष्ठित खिताब से नवाजा गया। यह सम्मान कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के सफल दिशा-निर्देशन में संभव हो पाया।

जिला व्यापी प्रयास में अम्बाला में संस्थानों ने डी.ई.एस.सी. - 2024 के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके अनुकरणीय समर्पण दिखाया है। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रमों और स्थायी परिसर परियोजनाओं से लेकर शैक्षिक अभियानों एवं सामुदायिक आऊटरीच तक की पहल की गई है, जो शैक्षिक संस्थानों के स्थानीय समुदायों और पर्यावरण चेतना पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण प्रभाव को रेखांकित करती है। मान्यता प्राप्त संस्थान पूरे भारत में एस.डी.जी. को आगे बढ़ाने में अपनी प्रतिबद्धता और प्रगति को प्रदर्शित करते हुए वर्गीकृत प्रमाणपत्र अर्जित करते हैं। कॉलेज भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए तत्पर है।

एपेक्स एस.डी.जी. के कार्यकारी निदेशक पी. सुधीर कुमार ने कहा कि यह चैम्पियनशिप संस्थानों के लिए उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करने, छात्रों और समुदायों को टिकाऊ प्रथाओं और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करने का एक सफल मंच साबित हुई है। जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त सहित एस.डी.जी. की सह संयोजक डा. अमिता और इस चैम्पियनशिप के सभी समन्वयक बधाई के पात्र हैं।